CBKG-001

भारतीय कालगणना में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम

(CBKG)

सत्रीय कार्य

(जनवरी, 2026 एवं जुलाई, 2026 सत्र के लिये)

CBKG-001 भारतीय एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य में काल चिंतन

मानविकी विद्यापीठ

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

भारतीय एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य में काल चिंतन : CBKG-001

सत्रीय कार्य (2026-27)

पाठ्यक्रम कोड : CBKG-001/2026-27

प्रिय छात्रो/छात्राओ,

यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (TMA) है। सत्रीय कार्य के लिये 100 अंक निर्धारित किये गये हैं। सत्रीय कार्य में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जायेंगे।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

निर्देश : सत्रीय कार्य आरम्भ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िये:

1) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दाएँ सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनाँक लिखिये।

2) बाईं ओर पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख करें जैसा आगे दिखाया गया है :

अनुक्रमांक : .....

नाम : .....

पता :.....

दिनाँक :.....

पाठ्यक्रम का नाम/कोड :.....

सत्रीय कार्य कोड :.....

अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड :.....

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

1. अध्ययन: सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए । फिर इससे संबंधित इकाईयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए । अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ विशेष बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढ़ग से व्यवस्थित कीजिए।

2. अभ्यास: उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से विचार कीजिए । निबन्धात्मक या टिप्पणी परक प्रश्नों में आरम्भ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए । उत्तर के आरम्भिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए । मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्धता और तार्किक ढ़ग से प्रस्तुत करें । उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए ।

यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,

ख) उत्तर सही ढ़ग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,

ग) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियों न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें ।

3. प्रस्तुति: जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ, तो उसे साफ़ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए ।

शुभकामनाओं के साथ ।

नोट: याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है, अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

सत्रीय कार्य जमा कराने की तिथियाँ :

जनवरी, 2026 सत्र के लिए : 30 अप्रैल, 2026

जुलाई, 2026 सत्र के लिए : 30 नवम्बर, 2026

सत्रीय कार्य : CBKG-001
भारतीय एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य में काल चिंतन

सत्रीय कार्य – CBKG-001/TMA/2026-27 पूर्णांक - 100

नोट – **इस सत्रीय कार्य में दिए गए सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए । **20 × 4 = 80**

   i) भारतीय दर्शन ग्रन्थों में काल की सत्ता और स्वरूप पर हुए विचारों का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए।

   ii) काल की अवधारणा में भारतीय दर्शन से लेकर पौराणिक साहित्य तक क्या समानता पाई जाती है? उदाहरणों के साथ विवेचना करें।

   iii) पौराणिक, जैन एवं बौद्ध परम्पराओं में काल की अवधारणा किस प्रकार वैदिक चिंतन का विस्तार या पुनर्व्याख्या है? दार्शनिक आधार स्पष्ट कीजिए।

   iv) सेमेटिक मतों तथा आधुनिक विज्ञान में काल की अवधारणा का परिचय देते हुए भारतीय काल-चिन्तन से उसकी मूलभूत भिन्नताओं का आलोचनात्मक अध्ययन कीजिए।

   v) सृष्टि-रचना की भारतीय अवधारणा के आलोक में काल के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए तथा बताइए कि सृष्टि-चिन्तन काल-गणना की नींव कैसे बनता है।

   vi) भारतीय परम्परा में भूमण्डल-केन्द्रित दृष्टिकोण का आधार क्या है? सौरमण्डल, भू-भ्रम और काल-निर्धारण के परस्पर सम्बन्ध का विश्लेषण कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **5 × 4 = 20**

   i) भारतीय परम्परा में 'सृष्टि' और 'प्रलय' की अवधारणाएँ काल-बोध को कैसे प्रभावित करती हैं?

   ii) ग्रहों की भारतीय परिभाषा और उनके आधार की व्याख्या करें।

   iii) भू-भ्रम की विभिन्न गतियाँ (दैनिक, वार्षिक, अयनांत, सम्पात) काल-गणना का आधार क्यों हैं?

   iv) सूर्य के परिभ्रमण से क्या तात्पर्य है? सूर्य संक्रान्तियों का ऋतुओं से क्या सम्बन्ध है?

   v) ज्योतिष का क्या अर्थ है?

   vi) राशि और नक्षत्र की अवधारणा को काल-विज्ञान के रूप में कैसे समझा जा सकता है?